संक्षिप्त

आरोपी गिरफ्तार

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में चलाये जा रहे जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड विशेष अभियान के तहत उनियारा थानाधिकारी ओंम कंवर के नेतृत्व मे गठित विशेष टीम कार्यवाही करते हुए दिनांक 30 जुलाई .2025 की रात्री को इन्द्रगढ रोड पर ग्राम रसुलपुरा से आगे धनावत पैट्रोल पम्प पर सैधमारी करके नगदी व एक मोबाईल चोरी करने के सम्बन्ध मे दर्ज प्रकरण मे 15 माह से फरार चल रहे आरोपी अशोक उर्फ चोपडा पुत्र फतेह लाल मोग्या (बावरिया) उम्र 33 साल निवासी बन्जारो की ढाणी घाटी मालपुरा थाना मालपुरा तलाश कर बाद अनुसंधान के गिरफ्तार किया गया है। इस कार्यवाही में पुलिस ने आरोपी के निशादेही से घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाईकिल को भी जप्त किया है।

काजल जयपुर शहर अध्यक्ष बनी

निवाई। कांग्रेस प्रियंका गांधी संगठन ऑल इंडिया के प्रदेशाध्यक्ष रामप्रसाद परीड़वाल व राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलजीत सिंह ने शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार कार्यकारणी का विस्तार करते हुए कार्यकारणी में काजल चौहान को जयपुर शहर अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। इस दौरान नवनियुक्त अध्यक्ष काजल चौहान ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन पायलट, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, टीकाराम जूली, राजेंद्रपाल गौतम, ममता भूपेश, बाबूलाल नागर, पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा, पुष्पेंद्र भारद्वाज व बाबूलाल सांखला का आभार व्यक्त करते हुए संगठन में सक्रिय भूमिका निभाने का आश्वासन दिया।

राज्यपाल आज कोटपूतली के दौरे पर

कोटपूतली। राज्यपाल राजस्थान हरिभाऊ बागड़े 27 अक्टूबर को जिले के दौरे पर रहेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार माननीय राज्यपाल दोपहर 2:30 बजे नीमराणा स्थित डाय किन जापानी इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैन्युफ़ैक्चरिंग एक्सीलेंस में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा एवं समीक्षा करेंगे साथ ही राइजिंग राजस्थान इंडस्ट्रियल समिट एवं हीरो मोटोकॉर्प प्लांट नीमराणा में राजस्थान पुलिस हेतु मोटरसाइकिल

अलवर की दिवाली को ब्रांड बनाने की तैयारी, शहर में होगी भव्य सजावट

पहली बार लेजर शो जैसे आकर्षक आयोजन होंगे, छोटे दुकानदारों को भी मिलेगा स्थान

कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में तैयारी बैठक में प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, नगर विकास न्यास, व्यापार संघों और स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

अलवर। अलवर शहर की दिवाली को भव्य, आकर्षक और सुव्यवस्थित बनाने के साथ पर्यटन एवं व्यापार को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बार शहर की दिवाली को एक ब्रांड के रूप में स्थापित करने की पहल की जा रही है। इसके तहत शहर में आकर्षक सजावट, विशेष सफाई व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और पहली बार लेजर शो जैसे आयोजन किए जाएंगे। साथ ही छोटे दुकानदारों को भी उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराने पर जोर रहेगा।

जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित तैयारी बैठक में प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, नगर विकास न्यास, व्यापार संघों और स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में सभी के समन्वय और सहयोग से दिवाली को भव्य एवं सुरक्षित बनाने के लिए कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

जिला कलक्टर ने कहा कि पिछले वर्षों में प्रशासन और व्यापार संघों के सहयोग से दिवाली पर शहर की साज-सज्जा की जाती रही है। इस बार केंद्रीय मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव की पहल पर इसे और भव्य रूप देने की तैयारी है। इसका उद्देश्य अलवर की दिवाली को एक विशिष्ट पहचान दिलाना है, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिले और व्यापार में वृद्धि हो। छोटे दुकानदारों को उचित स्थान मिलने से उनके उत्पादों की बिक्री बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण अनुकूल दिवाली मनाने के लिए आमजन, व्यापारियों और स्वयंसेवी संगठनों से सहयोग की अपील की।

नगर निगम महापौर सुमनलता अग्रवाल ने कहा कि अलवर की दिवाली को ब्रांड बनाने की पहल में नगर निगम प्रशासन और व्यापार संगठन मिलकर काम करेंगे। उन्होंने शहरवासियों से इस आयोजन को भव्य बनाने में सहयोग देने की अपील की।

नगर निगम आयुक्त माधव भारद्वाज, यूआईटी सचिव बीना महावर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार ने सजावट, यातायात एवं

- **उन्होंने स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण अनुकूल दिवाली मनाने के लिए आमजन, व्यापारियों और स्वयंसेवी संगठनों से सहयोग की अपील की**

आवागमन प्रबंधन, स्ट्रीट वेंडर्स के लिए उपयुक्त स्थान, सुरक्षा और सफाई व्यवस्था की जानकारी दी। बैठक में उप महापौर अजय पुनिया, नगर परिषद के पूर्व सभापति अजय अग्रवाल, संयुक्त व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष हरमित सिंह मेंहदीरत्ता, अरुण जैन, रमेश जूनेजा, मनोज गुप्ता सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने सुझाव दिए। सीएमएचओ योगेंद्र शर्मा, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता अलका व्यास, राजीविका डीपीएम राहुल, गगनदीप सिंह सहित व्यापारी, प्रबुद्ध नागरिक और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सार-समाचार

बांदीकुई में कांटों के विनिर्माता एवं डीलरों की जांच

दौसा (निसं.)। उपभोक्ताओं को सही माप-तौल उपलब्ध कराने तथा बिना लाइसेंस कांटों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए उपभोक्ता मामले विभाग के निर्देशानुसार जिले में जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सोमवार को बांदीकुई में कांटों के विनिर्माता एवं डीलरों की जांच की गई। विधिक माप विज्ञान अधिकारी नीरज वर्मा ने बताया कि जांच अभियान के दौरान शिव व्येहिंग सिस्टम एंड रिपेयर्स एवं श्री साईं स्केल की जांच की गई। इस दौरान श्री साईं स्केल को आवश्यक लाइसेंस बनवाने तथा नियमानुसार रिकॉर्ड संधारित करने के लिए सुधार नोटिस जारी किया गया। उन्होंने बताया कि कांटों के विक्रय में नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए केवल लाइसेंसधारी विनिर्माताओं एवं डीलरों से ही कांटों की बिक्री सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है। इससे उपभोक्ताओं को सही माप-तौल उपलब्ध कराने के साथ ही व्यापारिक गतिविधियों में पारदर्शिता बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि विधिक माप विज्ञान विभाग की ओर से जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा। जांच के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

टोंक में राजेंद्र बैरवा ने दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क ऑटो सेवा शुरू की

टोंक। सेवा, समर्पण और मातृभक्ति की अनूठी मिसाल पेश करते हुए जिला कलेक्ट्रेट से सेवानिवृत्त राजेंद्र बैरवा ने अपनी पूज्नीय माता शांति देवी की पावन स्मृति में दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए निःशुल्क ऑटो सेवा की सराहनीय शुरुआत की। जो सामेवार को जिला मुख्यालय स्थित जिला कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद की पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन ने ऑटो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा इस जनहितकारी सेवा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन ने राजेंद्र बैरवा की इस नेक पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि माता-पिता की स्मृति को चिरस्थायी बनाने का सबसे सुंदर माध्यम मानव सेवा है। राजेंद्र जी ने अपनी माताजी की याद में दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क ऑटो सेवा प्रारंभ करके समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को आवागमन के दौरान अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में यह सेवा उनके जीवन को सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील प्रयास है। उन्होंने कहा कि माता-पिता के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि केवल शब्दों से नहीं, बल्कि उनके नाम पर किए गए ऐसे पुण्य कार्यों से अर्पित होती है, जिनका लाभ समाज के जरूरतमंद लोगों को मिलता रहे। सभी उपस्थितजनों ने राजेंद्र बैरवा की इस सेवा भावना की सराहना करते हुए उनके इस पुनीत कार्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

फुलेरा में निराश्रित गौवंश व कुत्तों की समस्या के समाधान की मांग

फुलेरा। कस्बे के वार्ड संख्या 18 से 24 एवं आसपास की कॉलोनियों में निराश्रित कुत्तों तथा गाय-सांडों की बढ़ती समस्या को लेकर सोमवार को कांग्रेस पार्षद दल एवं समाजसेवकों ने नगर पालिका अध्यक्ष राजू दाधीच और अधिशासी अधिकारी महिमा सोनी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में निराश्रित पशुओं के कारण आमजन, बच्चों और बुजुर्गों को हो रही परेशानी का हवाला देते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से जनहित और आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष अभियान चलाकर समस्या का स्थाई समाधान करने की मांग की गई। क्षेत्रवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने पर जोर दिया गया। इस दौरान पार्षद अब्दुल लतीफ कुरैशी, गिरधारी लाल, आशिया गौड़, दिलीप कटारिया, प्रीतेश कुमार बलाई, दिलीप गुर्जर, सूरज घारू सहित वेदप्रकाश परिहार, पूर्व पार्षद दिलीप जाजोरिया, सरफराज हुसैन, अब्दुल रजाक और सलीम गौड़ सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

महर्षि पराशर जयंती मनाई

निवाई। पारीक समाज के आराध्य महर्षि पराशर की जयंती श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई। जिससे महर्षि पराशर के जयकारों से आस-पास का वातारण गुंजायमान हो गया। इस दौरान पारीक सेवा समिति की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिलाध्यक्ष कमलेश पारीक की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें जिलेभर के पारीक समाज के लोगों ने भाग लेकर सामाजिक एकता का परिचय दिया।

विद्यार्थियों ने पुस्तक-समीक्षा के नवाचारी आयाम प्रस्तुत किए

चौमूं / कालाडेरा। सेठ आरएल सहरिया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कालाडेरा में अकादमिक नवाचार की दिशा में एक अनूठी पहल करते हुए पहली बार 'छात्रों द्वारा पढ़ी हुई पुस्तक पर परिचर्चा' कार्यक्रम आयोजित किया गया। रीडिंग एवं आईटी क्लब के तत्वावधान में आयोजित इस अभिनव कार्यक्रम में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के 12 विद्यार्थियों ने 12 पुस्तकों पर पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पठन-पाठन की संस्कृति विकसित करने के साथ-साथ अभिव्यक्ति कौशल, तार्किक चिंतन, आत्मविश्वास एवं अकादमिक संवाद की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जयभारत सिंह ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया तथा इस नवाचारी एवं दूरगामी महत्त्व की पहल का स्वागत किया। उन्होंने विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता और पुस्तकों के अध्ययन के आधार पर विचार प्रस्तुत करने की क्षमता को अकादमिक विकास की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण बताया।

दौसा में सात दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

दौसा (निसं.)। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर के निर्देशानुसार समग्र शिक्षा, दौसा के तत्वावधान में जेंडर एंड इक्विटी गतिविधि के अंतर्गत पीएम श्री विद्यालयों की शिक्षिकाओं हेतु आयोजित सात दिवसीय गैर आवासीय जिला स्तरीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 01 नवम्बर तक आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम अधिकारी लोकेश शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षिकाओं को आत्मरक्षा की व्यावहारिक तकनीकों, सुरक्षा संबंधी उपायों तथा बालिकाओं में आत्मविश्वास एवं आत्मनिर्भरता विकसित करने के प्रभावी तरीकों से परिचित करवाना है। प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षिकाओं को इस योग्य बनाया जाएगा कि वे अपने-अपने विद्यालयों में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देकर उन्हें सुरक्षित, सजग एवं सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर ज्योत्सना यादव एवं सुमन शर्मा द्वारा

- **प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास एवं आत्मनिर्भरता विकसित करने के प्रभावी तरीकों से परिचित करवाना है**

शिक्षिकाओं को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें मानसिक सजगता, संकट की स्थिति में उचित प्रतिक्रिया, सुरक्षा के उपाय तथा विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की रक्षा करने से संबंधित व्यावहारिक कौशल पर विशेष जोर दिया जाएगा।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के 17 पीएम श्री विद्यालयों की महिला शिक्षिकाओं एवं शारीरिक शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात प्रतिभागी शिक्षिकाएँ अपने-अपने विद्यालयों में छात्राओं को आत्मरक्षा की तकनीकों का अभ्यास करवाएँगी तथा उन्हें अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक एवं सक्षम बनाएँगी।

उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश महावर ने अपने संबोधन में कहा कि बालिकाओं के लिए सुरक्षित शैक्षिक वातावरण तैयार करना तथा उन्हें शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाना शिक्षा विभाग की प्राथमिकताओं में शामिल है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण से बालिकाओं में आत्मविश्वास, साहस, सजगता एवं आत्मसम्मान की भावना विकसित होगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम बालिकाओं को विपरीत परिस्थितियों का सामना करने के लिए सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक वीरेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करने तथा विद्यालयों में बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित शिक्षिकाओं के माध्यम से विद्यालय स्तर पर आत्मरक्षा प्रशिक्षण को प्रभावी रूप से लागू किया जा सकेगा।

रोड़वेज बस व बाईक की टक्कर से दो युवक घायल

कोटपूतली। कस्बे के बानसूर रोड स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विधालय के सामने देर रात एक दर्दनाक सडक हादसा सामने आया, जहाँ अनियंत्रित राजस्थान रोडवेज बस व एक बाईक की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आरोपी बस चालक वाहन छोडकर मौके से फरार हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार देर रात बानसूर रोड मार्ग पर सामने से आ रही राजस्थान रोडवेज की बस व बाईक में इतनी जबरदस्त टक्कर हुई कि बाईक सवार दोनों युवक सडक पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से लहूलुहान हो गए। टक्कर की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के घरों और दुकानों से लोग तुरंत दौडकर मौके पर पहुंचे। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय निवासियों ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए बिना समय गंवाए दोनों घायलों को संभाला और अपने निजी वाहनों/एम्बुलेंस की मदद से राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल पहुंचाया।

खोया पाया

मेरे मकान 2/572 फर्स्ट फ्लोर जवाहर नगर जयपुर का मूल अदेय प्रमाण पत्र (RHB), जयपुर में कहीं खो गया है मिलने पर सूचित करें- वीरेंद्र कुमार सैखड़ी 9414441467

नाम परिवर्तन

मेरी पुत्री गौरी शर्मा के शैक्षिणक दस्तावेजों मेरा नाम रेणु जमलोकी दर्ज जो कि त्रुटिवंश गलत दर्ज हो गया है जबकि मेरा सही नाम रेणु शर्मा है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे। निवासी 82/267, सेक्टर नं. 08, सांगानेर, जयपुर राजस्थान

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उपरे, अजमेर, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से ई-निविदा सं 42265839A दिनांक 23.10.2026 को, जिसकी बंद होने की तारीख 20.11.2026 को 14.25 बजे तक रहेगी, आमंत्रित कर रहे है, निविदाकार निविदा बंद होने की तारीख एवं समय तक ही अपनी मूल / संशोधित निविदा प्रस्तुत कर पाएंगे, मैन्युअल (ई-निविदा के अलावा) प्रस्ताव इस निविदा के विरुद्ध मान्य नहीं होंगे, इस तरह के मैन्युअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेंगा। **आपूर्ति का विवरण :** SUPPLY OF ROOF MOUNTED AC PACKAGE UNIT COMPLETE CONFIRMING TO SPECIFICATION NO. RDSO/PE/SPEC/AC/0061-2005, REV.1. SUITABLE FOR POW TYPE COACHES, 01 SET CONSIST OF 02 NOS. OF RMPU, WITH META ARAMID BELLOW DUCT (SUPPLY-02, RETURN-04 AND FRESH AIR-04) CONFORMING TO RDSO SPEC. RDSO/PE/SPEC/0197-2020 REV(Rev-1), MICROPROCESSOR-01 NO. CONFORMING TO RDSO SPEC. NO.RDSO/PE/SPEC/0139-2009 REV.1, DIMENSION OF RMPU IS AS PER DY.CEE/W/AII DRAWING NO. RAC/3/2026 ACCEPTED MAKE AS PER VENDOR DIRECTORY. **मात्रा :** 10 Set. **निविदा प्रस्तुत करने की दिनांक एवं समय :** ई निविदा को 20.11.2026 को 14.25 बजे तक प्रस्तुत किया जा सकता है। वेबसाइट : Ireps.gov.in 1533-DI/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

नम्बर मिलाइए 8890333139



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

'जनहित के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करना सरकार का मूल आधार'

विधायक प्रतिनिधि राधा पटेल, सभापति कमल सैनी व पार्षदगणों का भव्य स्वागत-अभिनंदन किया।

कोटपूतली। स्थानीय नगर परिषद के वार्ड नं. 40 स्थित टेलीफोन एक्सचेंज रोड़ पर हरि बृजेश मसाला उद्योग परिसर में रविवार शाम को वार्ड नं. 40 से भाजपा प्रत्याशी रहे बालकृष्ण सैनी के नेतृत्व में वार्डवासियों द्वारा विधायक प्रतिनिधि राधा देवी पटेल व नवनिर्वाचित सभापति कमल सैनी समेत पार्षदगणों का भव्य स्वागत-अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि राधा देवी पटेल, नगर परिषद सभापति कमल सैनी व नवनिर्वाचित पार्षदगणों ने शिरकत की।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि राधा देवी पटेल का शॉल ओढ़ाकर, पारंपरिक चुंदड़ी पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंटकर भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। वहीं सभापति कमल सैनी का साफा व माला पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंटकर स्वागत किया गया। वहीं पार्षदगणों का साफा पहनाकर एवं उनकी स्वयं की फोटोयुक्त विशेष डायरी व मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि राधा देवी पटेल ने कहा कि क्षेत्र की जनता विकास और प्रगति के पथ पर पूरी दृढ़ता से साथ खड़ी है। हरिराम, बृजेश, वीरेन्द्र व बालकृष्ण सैनी द्वारा जिस प्रकार हर वर्ग को साथ लेकर यह अभिनंदन किया गया है, वह अद्भुत है। जनता से सीधा संवाद, हर व्यक्ति की समस्या को धैर्य से सुनना और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करना ही डबल इंजन सरकार का मूल आधार है। आपके इस विष्वास को कभी टूटने नहीं देंगे और क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए हमेशा प्रयासरत रहेगें।

जूली ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन अलवर में आठ सभा की

अलवर/जयपुर। पंचायत चुनाव प्रचार के अंतिम दिन नेता प्रतिपक्षटीकाराम जूलीने अलवर ग्रामीण क्षेत्र में जनसंपर्क किया। वे साइकिल पर गांवों, गलियों और मोहल्लों में पहुंचे तथा ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं उठाईं। उन्होंने भाजपा सरकार पर किसानों की अनदेखी और ग्रामीण विकास के प्रति उदासीनता का आरोप लगाया।

जूली ने कहा कि भाजपा सरकार में पेट्रोल-डीजल महंगा होने से किसानों की खेती की लागत बढ़ रही है। ट्रैक्टर और कृषि उपकरणों का खर्च उठाना तथा कर्ज की किस्तें चुकाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार हेलिकॉप्टरों में घूम रही है, जबकि किसान महंगे डीजल का बोझ उठा रहा है।

उन्होंने कहा कि गांवों में बिजली, पानी और खाद की किल्लत से किसान और आमजन परेशान हैं। चुनाव से पहले भाजपा पेट्रोल-डीजल के दाम कम करने की बातें करती थी, लेकिन सरकार बनने के बाद इन वादों पर राहत नहीं मिली। जूली ने कहा कि गांवों का विकास केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि जमीन पर काम करने और ग्रामीणों की जरूरतें पूरी करने से होगा।

- **महंगे पेट्रोल-डीजल से किसान परेशान, साइकिल पर जनसंपर्क करने निकले टीकाराम**

नेता प्रतिपक्ष ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की मुफ्त बिजली सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इनका उद्देश्य आम उपभोक्ताओं, किसानों और ग्रामीण परिवारों का आर्थिक बोझ कम करना था। उन्होंने सरकार से किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने, बिजली-पानी की जरूरतें पूरी करने और महंगाई से राहत देने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।

अलवर में अवैध 21 सिलेंडर जब्त

अलवर। घरेलू गैस सिलेंडरों से वाहनों में अवैध रिफिलिंग और व्यावसायिक उपयोग के खिलाफ जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए 21 गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। इनमें पांच व्यावसायिक और 16 घरेलू सिलेंडर शामिल हैं। कार्रवाई के दौरान गैस रिफिलिंग में इस्तेमाल होने वाली एक मोटर, एक कांटा और एक बांसुरीनुमा यंत्र भी जब्त किया गया।

- **मुंगस्का स्थित गैस रिफिलिंग केंद्र पर छापा, मोटर, कांटा और अन्य उपकरण भी जब्त**

जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में जिला रसद विभाग की टीम ने सोमवार को मुंगस्का स्थित मिथलेश गैस रिफिलिंग केंद्र पर कार्रवाई की। जिला रसद अधिकारी महेश शर्मा ने बताया कि मौके पर घरेलू गैस सिलेंडरों से वाहनों में अवैध रूप से गैस भरने का काम किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के तहत दंडनीय अपराध है। इसी के तहत 21 सिलेंडर और तीन उपकरण जब्त किए गए। सुरक्षा की दृष्टि से जब्त सामग्री को मैसर्स सुमन एचपी गैस एजेंसी के प्रतिनिधि महावीर सिंह की सुपुर्दगी में दिया गया है। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि जिले में घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग और दुरुपयोग को रोकने के लिए आगामी दिनों में भी कार्रवाई जारी रहेगी।

न्यायालय तहसीलदार (भू.अ.) दूदू जिला जयपुर

क्रमांक-भू.अ./2026/3118 दिनांक-26/10/20

आम सूचना

जरिये प्रार्थना पत्र प्रार्थी रमेशचन्द दत्तक पुत्र रामा जाति तेली निवासी दूदू तहसील दूदू ने खातेदार रामा पुत्र गणेश जाति तेली निवासी दूदू तह0 दूदू की विरासत हेतु रामा की पत्नि अयोध्या देवी द्वारा निष्पादित रजिस्ट्रड गोदनामा दिनांक 12.04.2002 तथा दिनांक 27.03.2002 को निष्पादित रजिस्ट्रड वसीयत उपपंजीयक दूदू व रोडी देवी व कजोडी देवी पुत्रियान स्व. रामा द्वारा निष्पादित रजिस्ट्रड रिलीज डीड दिनांक 04.02.2013 उपपंजीयक दूदू के आधार पर ग्राम दूदू के खाता स0 1389 ख0न0 3515 रकबा 0.5100 हैक्टेयर कुल किता 01 कुल रकबा 0.5100 हैक्ट. मे हिस्सा संपूर्ण में मृतक खातेदार के बजाय रमेशचन्द दत्तक पुत्र रामा जाति तेली निवासी दूदू तहसील दूदू के पक्ष में विरासत का नामान्तरण खोलने की कार्यवाही कार्यालय हाजा में प्रकरण संख्या 07/2026 अन्तर्गत धारा 135 (2) राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम-1956 विचाराधीन है।
खातेदार रामा पुत्र गणेश जाति तेली निवासी दूदू तह0 दूदू की दिनांक 17.08.1995 को मृत्यु हो चुकी है तथा अयोध्या देवी पत्नि रामा जाति तेली की मृत्यु दिनांक 13.04.2002 हो चुकी है। अतः हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि उक्त पंजिबद्ध दानपत्र, वसियत एवं हकत्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण खोले जाने पर किसी व्यक्ति को कोई आपति / दावा/हक अथवा अन्य कोई वसीयत हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में स्वयं अथवा प्लीडर के माध्यम से अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। कोई दावा/आपति प्राप्त नही होने पर प्रकरण का निस्तारण नियमानुसार कर दिया जायेगा। सूचित रहे।

तहसीलदार (भू.अ.) तहसील दूदू (जयपुर)

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-खुली निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक **(कैरिज व वैगन)** उत्तर पश्चिम रेलवे **जयपुर** द्वारा भारत के राष्ट्रपति महोदय की ओर से नीचे दिये गये कार्य के लिए दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कोई भी मैन्युअल टेण्डर स्वीकार नहीं किया जायेगा और अगर कोई मैन्युअल टेण्डर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। **ई-निविदा संख्या :** EL-CHG-JP-02-2026-27 **कार्य का नाम व स्थान :** JP div- Various modification work in LHB AC coaches of all the coaching depots (JP, KWP) of JP Division for prevention of rodent and water ingress. **अनुमानित लागत :** ₹7135022.80/- (इकहत्तर लाख पैंतीस हजार बाईस रूपये अस्सी पैसे मात्र) **बयाना राशी :** ₹142700.00 (एक लाख बयालीस हजार सात सौ रूपये मात्र) **ई-निविदा की अंतिम दिनांक और समय :** 13.11.2026 समय 15.00 बजे **ई-निविदा खोलने की दिनांक और समय :** 13.11.2026 समय 15.30 बजे उक्त ई-निविदा के सम्बध में विस्तृत जानकारी रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर तथा मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर पश्चिम रेलवे-जयपुर के निविदा नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध हैं। 1534-DI/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

"वोट बचाओ देश बचाओ" मुद्दे पर भरतपुर पहुंचे कांग्रेस ऑब्जर्वर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ऑब्जर्वर हिम्मत सिंह पटेल सोमवार को भरतपुर पहुंचे।

भरतपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ऑब्जर्वर हिम्मत सिंह पटेल सोमवार को भरतपुर पहुंचे। यहां उन्होंने वोट बचाओ देश बचाओ के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा। पटेल ने कहा कि बीजेपी के इशारे पर ैप्त् के जरिए वोटर लिस्ट से वास्तविक मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं, जबकि अलग-अलग राज्यों में कथित तौर पर फर्जी मतदाताओं के नाम जोड़े जा रहे हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से निष्पक्ष तरीके से काम करने और प्रत्येक पात्र नागरिक के मतदान के अधिकार की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

हिम्मत सिंह पटेल ने कहा कि देश म एसआईआर के तहत नई मतदाता सूची तैयार की जा रही है। कांग्रेस का आरोप है कि इस प्रक्रिया के जरिए वास्तविक मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं और कुछ राज्यों में फर्जी मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस और प्छक्प्। गठबंधन लगातार आवाज उठा रहे हैं। कांग्रेस की मांग है कि मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया पारदर्शी हो, ताकि किसी भी पात्र नागरिक का नाम सूची से गलत तरीके से नहीं हटे और कोई अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल नहीं हो।

कांग्रेस ऑब्जर्वर ने कहा कि राहुल गांधी मतदाताओं के अधिकारों और देश के नागरिकों से जुड़े मुद्दों को संसद से लेकर सड़क तक उठा रहे हैं। उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने गांव-गांव और अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर लोगों से संवाद किया तथा उनके दुख-दर्द और समस्याओं को समझने का प्रयास किया। पटेल के अनुसार, कांग्रेस नागरिकों के अधिकारों की रक्षा और लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने के मुद्दे पर संघर्ष कर रही है।

हिम्मत सिंह पटेल ने कहा कि कांग्रेस की स्थापना देश की आजादी के आंदोलन के दौरान हुई थी। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को अधिकार और अपनी बात रखने की स्वतंत्रता देता है। पटेल ने बीजेपी के शासन और उसकी राजनीतिक गतिविधियों पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि सरकार की नीतियां जनहित के अनुरूप नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि संसद में जनता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए।

- **कांग्रेस ऑब्जर्वर बोले एसआईआर में असली वोटरों के नाम काटे, कई राज्यों में नाम वोटर लिस्ट में भाजपा ने नकली नाम जुड़वाएं**

पटेल ने कहा कि मतदाता सूची से जुड़े मुद्दे केवल ैप्त् तक सीमित नहीं हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली, ईवीएम और वीवीपैट को लेकर भी सवाल उठा चुके हैं।

उन्होंने कहा कि इडिया गठबंधन ने भी मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों के मुद्दे को उठाया है।

कार्यालय नगर परिषद् शाहपुरा, जयपुर (राज.)

(पीपली तिराहे के पास, शाहपुरा, जयपुर) Email:- shahpura.jaipur@gmail.com

क्रमांकः- न.प.शा./ भूमि/2025-26/515 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक- 26/10/2026

सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा नगर परिषद् शाहपुरा, जयपुर मे कृषि भूमि नियमन/69ए पट्टा/उपविभाजन/पुर्नगठन हेतु आवेदन किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

क्र. स.	आवेदक का नाम व पिता/पति का नाम	स्थित भवन/भूमि का मौहल्ला रास्ता, खसरा नं. व दिशा	कुल क्षेत्रफल (वर्ग गज)	विशेष विवरण
1	श्रीमती अनिता देवी पत्नी श्री शंकर लाल गुप्ता	नटवाडियो की ढाणी, शाहपुरा, जयपुरखसरा 3827 पूर्व मे आम रास्ता पश्चिम अन्य का प्लॉट उत्तर- शंकर लाल गुप्ता का प्लॉट दक्षिण मे गली छोड़कर नटवाडिया का मकान 3 फीट प्रभुदयाल	175.00	आवेदक अनुसार उक्त प्लॉट 2020 से पूर्व अवस्थित हैं व आवेदक ने दिनांक 10.03.2022 को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से प्राप्त है। यह कभी रास्ता नही था। लेकिन वर्ष 2021-22 में सुमो मोटो सर्वे के तहत उक्त भूखण्ड सहवनशः रास्ते मे अंकित हो गया है। जिसका आवासीय पट्टा हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है।
2	श्री शंकर लाल गुप्ता पुत्र श्री रामगोपाल गुप्ता	नटवाडियो की ढाणी, शाहपुरा, जयपुर खसरा 3827 पूर्व मे-आम आम रास्ता पश्चिम मे-अन्य का प्लॉट उत्तर मे-हनुमान नटवाडिया की भूमि दक्षिण में -अनिता देवी का प्लॉट	179.75	आवेदक अनुसार उक्त प्लॉट 2020 से पूर्व अवस्थित हैं व आवेदक ने दिनांक 10.03.2022 को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से प्राप्त है। यह कभी रास्ता नही था। लेकिन वर्ष 2021-22 में सुमो-मोटो सर्वे के तहत उक्त भूखण्ड सहवनशः रास्ते में अंकित हो गया है। जिसका आवासीय पट्टा हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है।

अतः किसी को भी इस बाबत् आपत्ति हो तो 07 दिवस मे मय सबूत लिखित मे अधोहस्ताक्षरकर्ता को आपत्ति पेश करे, याद अवधि विचार संभव नही होगा।

आयुक्त, नगर परिषद् शाहपुरा, जयपुर